मोबाइल एप यूनिवर्सिटी कनेक्ट का राज्यपाल ने किया लोकार्पण

एप से समस्त राज्य विवि एक प्लेटफार्म पर राजभवन से जुड़े

राज्य ब्यूरो, देहरादून : राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने बुधवार को राजभवन में वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मोबाइल एप यूनिवर्सिटी कनेक्ट उत्तराखंड का लोकार्पण किया। इस एप के माध्यम से समस्त राज्य विश्वविद्यालय एक प्लेटफार्म पर राजभवन के साथ जुड़ गए हैं। सभी विश्वविद्यालय अपनी उपलब्धियां, बेस्ट प्रैक्टिसेज, स्टार्ट अप और शोध को राजभवन के साथ आनलाइन संवाद के माध्यम से साझा कर सकेंगे।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने राजभवन में वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से राज्य के विश्वविद्यालयों के लिए तैयार किए गए मोबाइल एप 'यूनिवर्सिटी कनेक्ट उत्तराखंड' का लोकार्पण किया ● सूचना विभाग

इस अवसर पर राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय की यह पहल डिजिटलीकरण की ओर बढ़ रहे हमारे कदमों को दर्शाता है। अन्य विश्वविद्यालयों को भी इससे सीख लेने की आवश्यकता है। प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो ओंकार सिंह ने शैक्षणिक सत्र 2022-23 के समस्त पाठ्यक्रमों के संचालन और यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट सिस्टम प्रणाली से डिजिटलीकरण की प्रगति का प्रस्तुतीकरण दिया। विश्वविद्यालय के अधीन संचालित समस्त पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने को छात्रों को मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाएं दिखने की व्यवस्था से कुलाधिपति को अवगत कराया गया।

प्रो ओंकार सिंह ने विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक कार्यक्रमों के सुचारू संचालन की निगरानी को तैयार किए गए अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम की सुविधाओं का प्रस्तुतीकरण भी दिया। छात्रों के साथ ही अभिभावकों को भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर छात्र के रोल नंबर और जन्म तिथि के माध्यम से उपस्थिति का पूरा विवरण प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

उन्होंने जनवरी-फरवरी की परीक्षाओं में प्रश्नपत्रों के डिजिटलीकरण, उत्तर पुस्तिकाओं के डिजिटलीकरण व आनस्क्रीन मूल्यांकन से परीक्षा प्रणाली में आ रही पारदर्शिता व जवाबदेही के संबंध में भी प्रस्तुतीकरण किया। राज्यपाल ने कुलपति व उनकी टीम को इस कार्य के लिए बधाई दी।

श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एनके जोशी, वीर चंद्र सिंह गढ़वाली उत्तराखंड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डा पी कौशल ने विश्वविद्यालय के कार्यों एवं भविष्य की योजनाओं को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव रविनाथ रामन,, विधि परामर्शी अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव स्वाति एस भदौरिया, उप सचिव एनके पोखरियाल, अनुभाग अधिकारी सचिन चमोली व राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपति वर्चुअली उपस्थित रहे।

उत्तराखंड की खबरें पढ़ें www.jagran.com/state/uttarakhand